डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी में हर घर तिरंगा अभियान
ध्वज वितरण एवं तिरंगा सम्मान यात्रा का आयोजन

नई दिल्ली। 8 अगस्त 2022; साहित्य अकादेमी में आज हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी स्टॉफ सदस्यों को ध्वज प्रदान किए गए। ध्वज वितरण से पहले अकादेमी के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने सभी से आग्रह किया कि वे अपने–अपने घरों पर शान से तिरंगा फहराएँ और उसकी सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड भी करें। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे स्वाभिमान और राष्ट्रीय भाव का प्रतीक है, इसलिए गर्व के साथ हमें अपने घरों पर तिरंगा फहराना चाहिए और जिन महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया, उन्हें श्रद्धा के साथ स्मरण करना चाहिए। आजादी का अमृत महोत्सव एक ऐसा अवसर है जब सभी देशवासियों को तिरंगे का उचित मान–सम्मान करना चाहिए। अपने संबोधन के बाद उन्होंने सभी कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए।

ध्वज वितरण के बाद सभी कर्मचारियों ने अकादेमी परिसर में तिरंगा सम्मान यात्रा की और अंत में राष्ट्रगान गाया। यात्रा के दौरान सभी कर्मचारी 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' आदि नारे भी लगा रहे थे। ज्ञात हो कि आज़ादी के 75वर्ष होने पर भारत सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान 13–15 अगस्त के बीच पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है।

–के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in